विषय सूची
CONTENT

1.	एक अवलोकन Overview	1
2.	नीति और आयोजना Policy Strategies and Planning	3
3.	मानक निर्धारण Standards Formulation	5
4.	उत्पाद प्रमाणन और गुणता पद्धति प्रमाणन Product Certification and Quality Systems Certification	9
5.	प्रयोगशाला सेवाएँ Laboratory Services	13
6.	सूचना सेवाएँ Information Services	16
7.	पर्यावरण संरक्षण Environment Protection	19
8.	मानकों का कार्यान्वयन और बिक्री Implementation and Sale of Standards	20
9.	उपभोक्ता संरक्षण Consumer Protection	22
10.	अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ International Activities	23
11.	मानव संसाधन विकास Human Resource Development	25
12.	वित्त, लेखा-परीक्षा और लेखा Finance, Audit and Accounts	28

माननीय प्रधान मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव विजेता संगठनों को
प्रथम राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार देने से पूर्व जनसमूह को सम्बोधित करते हुए
Hon'ble Prime Minister Shri P.V. Narasimha Rao, addressing the gathering before presenting first Rajiv Gandhi National Quality Awards to the winning organizations

एक अवलोकन

भारतीय मानक ब्यूरो (भामा ब्यूरो) के लिए वर्ष 1993-94 एक और सफल वर्ष रहा। इस वर्ष हमने हर दिशा में प्रगति की। इस वर्ष हमारी सफलता केवल मानकों के विकास और उत्पाद प्रमाणन की पारंपरिक आधारभूत गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रही, अपितु गुणता पद्धति प्रमाणन जैसे अपेक्षाकृत नये क्षेत्रों में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा वाले वातावरण में भी सफलता प्राप्त करते हुए भामा ब्यूरो ने प्रमुख सदस्य के रूप में इस क्षेत्र में दाखिल होकर उल्लेखनीय कार्य किया। उपर्युक्त के परिणामस्वरूप प्राप्त समृद्धि न केवल इस वर्ष के तुलन–पत्र में प्रतिबिम्बित हुई है, अपितु यह प्रचालन राजस्व में लगभग 38% की प्रमात्रात्मक वृद्धि से भी व्यक्त होती है, जिसके कारण इस वर्ष प्रचालन राजस्व रू० 33.34 करोड़ रहा।

इस वर्ष भारतीय उद्योग द्वारा गुणता में उत्कृष्टता को बढ़ावा दिए जाने के लिए भामा ब्यूरो द्वारा किए जा रहे अनन्य प्रयासों की परिणति राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार योजना आरंभ करने के रूप में हुई। ये पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिष्ठित संयुक्त राज्य अमेरिका के मेल्कम बेल्ड्रिज नेशनल अवार्ड, जापान के डेमिन्ग प्राइज और यूरोपियन क्वालिटी अवार्ड के अनुरूप हैं। पहले सेट के पुरस्कारों में विजेताओं में सर्वश्रेष्ठ रहने का पुरस्कार मै. किर्लोस्कर क्यूमिन्स लि०, पुणे और पृथक्–पृथक् संवर्गों में विजेता रहे चार अन्य सगठनों को पुरस्कार 20 अगस्त 1993 को आयोजित एक भव्य समारोह में माननीय प्रधान मंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा दिया गया। 20 अगस्त स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की वर्षगांठ भी है।

इस वर्ष की अन्य विशेषताएँ इस प्रकार रहीं:

- भामा ब्यूरो की केन्द्रीय प्रयोगशाला के रसायन तथा यांत्रिक विभागों को एनएबीएल के प्रत्यायन की प्राप्ति, जो उत्कृष्टता संबंधी अन्तराष्ट्रीय मानकों की दिशा में अग्रसर होने में हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
- जर्मनी की अग्रणी गुणता पद्धति प्रमाणन एजेंसी डोयिश गेजिल शाफ्ट त्सुर सरतिफित्साईरूंग फॉन क्वालिटाट्स मेनेजमेंट सिस्टेमन एमबीएच (डीक्यूएस), जो यूरोपीयन नेटवर्क फॉर क्वालिटी सिस्टम असेसमेन्ट एंड सर्टिफिकेशन, ई–क्यू–नेट की सदस्य भी है, के साथ समझौता ज्ञापन के रूप में हमारी गुणता पद्धति प्रमाणन योजना की अन्तर्राष्ट्रीय रूप से मान्यता,
- पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के प्रमाणन की योजना के अन्तर्गत इको मुहर के लिए सबसे पहला लाइसेंस मै. टाइड वाटर डिटर्जेंट कम्पनी, बम्बई को IS 9458 के अनुसार ऊनी और अन्य नाजुक वस्त्रों की धुलाई हेतु संश्लिष्ट अपमार्जकों के लिए दिया गया, तथा
- राजभाषा पर राष्ट्रीय नीति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया और हिन्दी में इस वर्ष 9 और भारतीय मानक प्रकाशित किए गए, जिससे अब तक हिन्दी/द्विभाषी रूप में प्रकाशित भारतीय मानकों की संख्या 214 हो गई।

तथापि, हमारे दार्शनिक राष्ट्रपति, स्वर्गीय डॉ, एस. राधाकृष्णन ने कहा था "थोड़ी सी सफलता हमें इतना आत्ममुग्ध न कर दे कि भविष्य के प्रति अपने कर्तव्य से हम विमुख हो जाएँ"। वर्ष की उपर्युक्त प्रशंसनीय उपलब्धियों के होते हुए भी भामा ब्यूरो अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों से उत्पन्न चुनौतियों को पूरा करने के लिए अपने को तैयार करने की प्रक्रिया में ही है और इस दिशा में हमें बहुत कार्य करना है। चूँकि इन नीतियों के अनुसार अब बाजार की शक्तियों और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की प्रवृत्तियों को प्रमुखता दी जा रही है, अतः अब भामा ब्यूरो को भी अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना है और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बदले स्वरूप को देखते हुए स्वयं को इनके अनुकूल ढालना है, ताकि भविष्य के बाजार में भी हम उन्नति करने में समर्थ हों। हमें अपने ग्राहकों की माँगों को बेहतर रूप से जानने की समझ विकसित करनी है। वस्तुतः जहां एक ओर अब हमारी गतिविधियाँ और सेवाएं, बाजार की शक्तियों के अनुरूप होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर हमें अपने समाज और देश की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखना है।

यह प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है।

गुणता पर दृष्टि केन्द्रित करने के लिए मानक विकास गतिविधि का पुनर्विन्यास किया जा रहा है, चूँकि आवश्यकता और सामायिक महत्व ने दीर्घकाल से चली आ रही प्रबन्ध वर्ग पर आधारित संख्यात्मक आंकड़ों के लक्ष्य निर्धारित करने की नीति को हटा दिया है। अतः मानक विकास के लिए भविष्य की नीति की आधारशिला रखने हेतु किसी

OVERVIEW

The year 1993-94 was another year of all round progress for the Bureau of Indian Standards (BIS). Its success was not limited merely to its traditional home ground of Standards Development and Product Certification but spread to newer areas like Quality Systems Certification where, operating in a highly competitive environment, BIS made significant inroads to emerge as a major player. The prosperity is reflected in the balance sheet as well with the operating revenue registering a quantum jump of nearly 38% to touch Rs. 333.4 million for the year.

The year saw the culmination of a unique BIS endeavour to promote excellence in quality in the Indian industry by instituting the Rajiv Gandhi National Quality Awards designed on the lines of internationally respected malcom Baldridge National Quality Award in USA, Deming Prize in Japan and European Quality Award. The first set of Awards were presented to M/s Kirloskar Cummins Ltd., Pune as best amongst winners and four other organizations, winners in individual categories, by the Hon'ble Prime Minister Shri P.V. Narasimha Rao in a glittering ceremony held on 20 August 1993 to coincide with the birth anniversary of late Shri Rajiv Gandhi.

The other highlights of the year included :

- the grant of NABL acreditation to Chemical and Mechanical Divisions of BIS Central Laboratory, a major milestone in our pursuit of international standards of excellence;
- international recognition to our Quality Systems Certification Scheme in the form of a Memorandum of Understanding with Deutsche Gesellschaft zur Zertifizierung von Qualitatsmanagement systemen mbH (DQS), a leading German Quality Systems Certification agency, and a member of the European Network for Quality System Assessment and Certification, E-Q-Net;
- the grant of first ever ECO mark licence under the scheme of certification of environment friendly products to M/s Tide Water Detergent Company, Bombay for synthetic detergents for washing woollen and other delicate fabrics as per IS 9458; and
- promotion of use of Hindi in furtherance of the National Policy on Official Language with the publication of 9 more Indian Standards in Hindi raising the number of Hindi/bilingual standards to 214.

However, to quote our late philosopher President Dr. S. Radhakrishnan 'the little that has been done should not blind us to the vast that remains to be done'. The laudable accomplishments of the year notwithstanding, BIS, yet in the process of gearing itself to meet the challenges that the national programme of economic reforms initiated by the Union Government has posed, has a gigantic task in front of it. With the primacy accorded to the market forces and accent on international competitiveness, BIS has to rethink its policies and strategies and tailor them to the changing contours of national priorities to be able to flourish in tomorrow's market place. It has to develop a better understanding of the demands of its customers; indeed, its activities and services have to be market-driven while responding to the community and the state at the same time.

The process has begun.

The Standards Development activity is being reoriented to focus on quality, need and timeliness discarding the long-held policy of management-driven numerical targets. A rigorous process of scrutiny of proposals for establishment of the need for a standard, prioritization

मानक के निर्धारण की आवश्कता सिद्ध करने, युक्ति संगत समय सीमा में इसे निर्धारित करने को प्राथमिकता देने तथा आवधिक रूप से इसकी कड़ी पुनरीक्षा के प्रस्तावों की संवीक्षा की कठिन प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है। ग्राहकों को दी जाने वाली सेवा को सुधारने की दृष्टि से अपने केन्द्रीय वितरण केन्द्र तथा बिक्री कन्द्रों पर इन्वेटरी कम करने के कार्यक्रम के अलावा मानकों के इलैक्ट्रॉनिक पद्धति से भंडारण और उनकी पुनः प्राप्ति की परियोजना हमने विश्वबैंक सहायता कार्यक्रम की मदद से आरंभ कर दी है।

अपनी उत्पाद प्रमाणन योजना के अन्तर्गत उद्योग को समय पर और दक्ष सेवा देने के लिए कई उपाय किए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं। ये उपाय हैं : लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदनों के निपटान हेतु 4 माह की समय–सीमा निर्धारित करना, लाइसेंस के नवीकरण की शक्ति विकेन्द्रित करके शाखा कार्यालयों के प्रमुखों को देना, लाइसेंस की वैधता की अवधि बढ़ाकर एक बार के लिए दो वर्ष करना, अपने निरीक्षणों की गुणता में सुधार लाने के लिए दो सदस्यीय निरीक्षण दल भेजना, निर्माता की इकाई के लिए निरीक्षणों की संख्या उसकी कार्यकारिता के आधार पर रखना, ताकि अपनी कार्यकारिता बढ़ाने में उसे प्रोत्साहन मिल सके।

चूँकि मानक मुहर, भामा ब्यूरो की बाजार में उपस्थिति का सर्वाधिक प्रत्यक्ष प्रमाण है, इसलिए हम यह प्रयास कर रहे हैं कि आम उपभोक्ताओं में इसकी लोकप्रियता बनी रहे। इसके लिए योजना के अन्तर्गत पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने और मानक मुहर के दुरूपयोग को रोकने की आवश्यकता है। भामा ब्यूरो की प्रवर्तन संबंधी गतिविधि को इस ओर मोड़ना है और इस दिशा में उपभोक्ता गतिविधियों में सक्रिय जाने–माने श्री एच.डी. शौरी की अध्यक्षता में प्रवर्तन पर स्थायी समिति का गठन करने का बड़ा कदम उठाया गया है। अन्य योजनाबद्ध उपाय हैं, मुहर के दुरूपयोग को रोकने में ब्यूरो के हाथ सुदृढ़ करने के लिए अधिनियम में उपयुक्त संशोधन करना, अधिनियम में दिए गए प्रावधान के अनुसार तलाशी लेने और जब्त करने की शक्तियों का उपयोग करने के लिए विनियम बनाना, मुहर के दुरूपयोग के मामलों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सभी अधिकारियों को तैयार करने के लिए प्रवर्तन संबंधी मैन्युल बनाना, मुहर के दुरूपयोग के मामलों को नियंत्रित करने के लिए बाजार में आवधिक प्रवर्तन चलाना और उपभोक्ता शिक्षण कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देना।

उच्च प्राथमिकता वाला दूसरा क्षेत्र है इंडो ईईसी सहयोग कार्यक्रम और विश्व बैंक के अन्तर्गत भा मा ब्यूरो की प्रयोगशाला के उन्नयन के लिए उनके आधुनिकीकरण का कार्यक्रम। चूँकि अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रोत्साहन के लिए परीक्षण रिपोर्टों को माध्यम के रूप में उपयोग में लाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है अतः यह आवश्यक है कि हमारी प्रयोगशालाएँ अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों। इसके अलावा उपस्कर प्राप्त करना, कार्मिकों को प्रशिक्षण देना, भामा ब्यूरो की अन्य प्रयोगशालाओं के लिए एनएबी एल से प्रत्यायन प्राप्त करना भी कार्यसूची में शामिल है।

गुणता पद्धति प्रमाणन योजना में हाल में मिली नई सफलता को बनाये रखने और इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए भामा ब्यूरो ने अपनी गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के औपचारिक प्रत्यायन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय रूप से जानी पहचानी डच काउन्सिल फॉर एक्रिडिटेशन नीदरलैंड की राड वूर डि सर्टिफिकेटी (आरवीसी) को आवेदन भेजा हुआ है, जो सफल हुआ है और हमारी गुणता प्रमाणन योजना को औपचारिक प्रत्यायन प्राप्त हो गया है । यह, गुणता पद्धति प्रमाणन के क्षेत्र में कठोरतम अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने में समर्थ होने की हमारी विश्वसनीयता का भी प्रमाण है और इस क्षेत्र में बाजार में अग्रणी स्थान प्राप्त करने के हमारे संकल्प का भी सूचक है।

एक ओर जहाँ हम अपनी गतिविधियों को बढ़ा रहे हैं, वहीं इस दिशा में भी प्रयासरत हैं कि भामा ब्यूरो अनुकूल और संतुलित संगठन बने और अन्य व्यवसायी संगठनों की तरह हमारे अन्दर भी अपने ग्राहकों के प्रति अधिक उत्तरदायी होने की भावना विकसित हो। इन्स्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड मैनपावर रिसर्च, नई दिल्ली की सहायता से वर्क–स्टडी कराने का भी प्रस्ताव है। इस संगठन से रिपोर्ट हमें इस वर्ष मिल जाएगी और वे हमें यह भी बताऐंगे कि जनशक्ति संबंधी अपने संसाधनों का हम किस प्रकार अनुकूलतम उपयोग कर सकते हैं। कार्य के आउटपुट को अधिकतम करने के लिए कम्प्यूटरीकरण और स्वचालन पर लगातार बल दिए जाने के फलस्वरूप निश्चय ही भामा ब्यूरो वस्तुतः व्यावसायिक रूप से नियंत्रित और ग्राहकों के प्रति अधिक उत्तरदायी संगठन के रूप में उभरेगा।

(नरेन्द्र सिंह चौधरी)
महानिदेशक

of its formulation within a resonable time frame and critical review periodically are going to be the cornerstones of further policy on standards development. Besides, we are embarking on a project with World Bank assistance for electronic storage and retrieval of standards as well as a programme of inventory reduction at our central distribution point and sales outlets with a view to improve customer service.

To provide timely and efficient service to the industry under our Product Certification Scheme, several measures have been undertaken or are on the anvil. These include prescribing time frame of 4 months for disposing of applications for grant of licence, decentralization of power to renew licences to the Heads of Branch Offices, increasing the validity period of the licences to two years at a time, deputing two member inspection teams to improve quality of our inspections and linking the number of inspections of a manufacturers' unit to his performance to provide him an incentive to step up performance.

Since the Standard Mark is the most visible symbol of BIS presence in the market, it is our endeavour to sustain its popularity with the common consumer. This calls for strengthening supervision under the Scheme and curbing misuse of the Standard Mark. The enformcement activity of the BIS is to be galvanized and towards this end, a major initiative of setting up a Standing Committee on Enforcement under the Chairmanship of eminent consumer activist, Shri H.D. Shourie has already been taken. Among the measures planned are suitable amendment to the Act to strengthen BIS hands in dealing with misuse, framing of Regulations for exercising powers of search and seizure as provided for in the Act, preparation of an Enforcement Manual to equip all officers to deal effectively with misuse cases, periodic enforcement drives to check misuse in the market place and sustained consumer education programme.

Another high priority area is the modernization programme for upgradation of BIS laboratories under the Indo-EEC Cooperation Programme and the World Bank loan. Since test reports are being increasingly employed as tools for fostering international trade, it is imperative that our laboratories match the international standards. Besides acquisition of equipment and training of personnel, seeking NABL accreditation for other BIS laboratories is to be part of the agenda.

To build on the new-found success of our Quality Systems Certification Scheme and raise its competitiveness, BIS had put in an application with the Netherlands-based Road voor de Certificatie (RvC), the internationally known Dutch Council for Accreditation, which has been successful and formal accreditation has been granted to our Quality Systems Certification Scheme. It is as much a testimony to our confidence of being able to meet the toughest international standards as it is indicative of our determination to be the market leaders in the field of Quality Systems Certification.

While furthering our activities, it is our endeavour to make BIS a leaner, healthier and more business-like organization conscious of its obligations to its customers. It is proposed to insititute a work-study with the help of the Institute of Applied Manpower Research, New Delhi, whose report should become available during the year and give us valuable inputs towards optimum utilization of our manpower resources. With continuing emphasis on computerization and automation to maximise work output, BIS shall be able to truly present picture of a professionally-managed and customer-driven organization.

(N.S. Choudhary)
Director General

नीतिगत कार्यनीति और आयोजना



भा. मा. ब्यूरो की नीतियाँ उच्चतम निकाय, अर्थात् ब्यूरो, जो नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण केन्द्रीय मंत्री और ब्यूरो के अध्यक्ष श्री ए.के. एंटनी की अध्यक्षता में कार्य करता है, द्वारा निर्धारित की जाती है। वर्ष के दौरान 13 सितम्बर 1993 को आयोजित पहली बैठक में श्री ए.के. एंटनी ने मानकों के निर्धारण के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की गुणता बढ़ाने, उनका कार्यान्वयन बढ़ाने और उत्पाद प्रमाणन और गुणता पद्धति की वृद्धि पर बल दिया। मात्रात्मक उपलब्धि के स्थान पर गुणता के उन्नयन पर बल दिए जाने को ध्यान में रखते हुए और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के क्षेत्र में उत्पन्न चुनौती और निर्यात संवर्धन को देखते हुए मंत्री महोदय ने 24 मार्च 1994 को आयोजित ब्यूरो की दूसरी बैठक में भा. मा. ब्यूरो की प्रयोगशालाओं की कार्यकारिता सुधारने और नमूनों के परीक्षण में लगने वाले समय को कम करने के साथ साथ मानक चिह्न के दुरूपयोग को रोकने के लिए सख्त उपाय अपनाने पर बल दिया।

यह भी निर्णय लिया गया कि उपभोक्ता परामर्श समिति के साथ साथ प्रवर्तन के लिए स्थाई समिति भी गठित की जाये।

1993–94 के दौरान कार्यकारिणी समिति (ईसी) की दो बैठकों का भी आयोजन किया गया। कार्यकारिणी समिति ने भा. मा. ब्यूरो की रोजमर्रा की गतिविधियों को मॉनीटर किया और आगे के विकास और वृद्धि के लिए मार्गदर्शन दिया।

आयोजना गत परियोजना

भा. मा. ब्यूरो की आधारभूत भौतिक सुविधाएँ, जिनमें काफी पूँजी लगती है, के निर्माण के लिए धन सरकार द्वारा राष्ट्रीय योजना व्यय के भाग के रूप में दिया जाता है। भा. मा. ब्यूरो की आयोजनागत–परियोजना में आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) के अनुसार यथानुमोदित रूपये 15.0 करोड़ के व्यय का प्रावधान रखा गया है। 1993–94 के दौरान, विभिन्न आयोजनागत–परियोजनाओं में रूपये 2.69 करोड़ खर्च किए गए। विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति/ स्थिति इस प्रकार है:

प्रयोगशाला उपस्कर, कंप्यूटर और अन्य सम्बद्ध उपस्कर

भा. मा. ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना की निगरानी के लिए सम्बद्ध भारतीय मानक से अनुरूपता सुनिश्चित करने में नमूनों का परीक्षण महत्वपूर्ण माध्यम है। ब्यूरो की विभिन्न प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण करने और नमूनों की निरन्तर बढ़ती संख्या के परीक्षण के लिए पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराने तथा उनका आधुनिकीकरण करने और कुछ पुराने उपस्करों की जगह नए उपस्कर लगाने के लिए योजनागत अवधि में रूपये 2.5 करोड़ की राशि प्रदान की गयी है। इस परियोजना के अन्तर्गत 1993–94 के दौरान रूपये 0.88 करोड़ की राशि का उपयोग परिष्कृत प्रयोगशाला उपस्कर प्राप्त करने में दिया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति की सिफारिशों पर हैंडबुक तैयार करने के लिए दो परियोजनाएं आरम्भ की गईं। ये थीं "भवन और सिविल निर्माण के संहिता कार्यान्वयन के लिए विकास कार्यक्रम" और "औद्योगिक संरचनाओं के लिए टाइपिफीकेशन आयोजन"।

POLICY STRATEGIES AND PLANNING

The policies and strategies of BIS are decided by the highest body, namely, the Bureau which functions under the chairmanship of Shri A.K. Antony, Union Minister for Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution and the President of the Bureau. During the first meeting in the year, held on 13 September 1993, Shri A.K. Antony stressed the need for raising quality of goods and services by formulating standards, promoting their implementation and enhancing certification of products and quality systems. Keeping in view the shift in emphasis from quantitative achievements to quality upgradation and also in view of the challenges posed by international competitiveness and promotion of exports, during the second meeting held on 24 March 1994, the Minister stressed the need for improving the performance of BIS laboratories and reduction in the time for testing of samples, as well as for taking strict measures to curb misuse of the Standard Mark.

It was also decided to constitute a Consumer Advisory Committee, as well as a Standing Committee on Enforcement.

Two meetings of the Executive Committee (EC) were held during 1993-94. EC monitored the on-going activities in BIS and provided guidelines for further growth and development.

PLAN PROJECTS

The infrastructural facilities of BIS, which are capital intensive in nature, are built through finances provided by the Government as part of the National Plan outlay. The BIS Plan Projects, as approved under the VIII Five Year Plan (1992-97), envisage an outlay of Rs 150 million. During 1993-94, Rs 26.9 million were spent on the various Plan Projects. The progress/position of the various projects is given below:

Laboratory Equipment, Computer and Other Associated Equipment

An essential element for the surveillance of BIS Certification Marking Scheme is the testing of samples to ensure conformity to the relevant Indian Standards. To modernize the various laboratories of the Bureau and equip them adequately for testing the ever increasing samples and to modernize them and replace some old equipment, an outlay of Rs 25 million was provided during the Plan period. Under this project, sophisticated laboratory equipment were procured, utilizing an amount of Rs 8.80 million during 1993-94.

Science and Technology

On the recommendations of the National Committee for Science and Technology, two projects for the preparation of Handbooks, namely, Development Programme for Code Implementation for Building and Civil Construction and Typification Organization for Industrial Structures were initiated.

गैट मानक संहिता के अंतर्गत केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र

भा. मा. ब्यूरो में तटकर और व्यापार पर सामान्य करार (गैट मानक संहिता) के अन्तर्गत केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र के प्रभावशाली रूप से कार्य करने के लिए उत्पादन, भंडारण और पुनः प्राप्ति के लिए समर्थ सूचना पद्धति और सूचना का संप्रेषण करने के लिए दक्ष नेटवर्क आवश्यक है। वर्ष 1993–94 के लिए रूपये 0.08 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया और माइक्रोग्राफीय उपस्कर के लिए खपत वाली मदों की खरीद पर रूपये 76000 का व्यय हुआ।

स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था

आठवीं योजना में मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में फ्लैटों की खरीद के लिए रूपये 5.0 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भा.मा. ब्यूरो ने दिल्ली के पास कौशाम्बी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से 24 फ्लैट स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों के लाभ के लिए खरीदे और इस पर रूपये 1.7 करोड़ का व्यय किया।

विश्व बैंक परियोजना

भा. मा. ब्यूरो ने इंडस्ट्रियल एंड इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (आईसीआईसीआई) के साथ अक्टूबर 1990 में एक औपचारिक समझौता किया है। यह निगम भारत सरकार की ओर से विश्व बैंक निधि का प्रबन्ध करता है। यह समझौता प्रौद्योगिकी सेवा आवर्ती निधि के अन्तगर्त रूपये 9.54 करोड़ का ऋण प्राप्त करने के लिए किया गया, जो 4 वर्ष के विलम्बन काल के साथ 15 वर्षों में वापिस किया जायेगा।

वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकी के बदलते हुए परिवेश और औद्योगिक प्रवृतियों तथा नये विकास को ध्यान में रखते हुए विश्व बैंक के अन्तर्गत चलने वाली परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। वर्ष 1993–94 के दौरान भा. मा. ब्यूरो ने मानकीकरण प्रबन्ध और मानक विकास, भा. मा. ब्यूरो की प्रयोगशाला नेटवर्क के उन्नयन, भा. मा. ब्यूरो के संवर्धनात्मक प्रयासों को बढ़ाने, निर्माणकर्ताओं को तकनीकी सहायता देने और मानक सूचना केन्द्रों पर रूपये 0.27 करोड़ की राशि व्यय की।

Central Enquiry Point Under GATT Standards Code

For effective functioning of the Central Enquiry Point under BIS General Agreement on Tariffs and Trade (GATT Standards Code), a strong information system for generation, storage and retrieval and an efficient network to communicate information is necessary. An outlay of Rs 0.8 million was approved for the year 1993-94 and expenditure of Rs 76 000 was incurred on purchase of consumables for micrographic equipment.

Staff Housing

An outlay of Rs 50 million is provided in the VIII Plan for acquiring flats at Headquarters, Regional and Branch Offices. BIS purchased 24 flats from the Ghaziabad Development Authority near Delhi in Kaushambi, Ghaziabad for the benefit of transferred employees and incurred an expenditure of Rs 17 million.

WORLD BANK PROJECTS

BIS entered into a formal agreement in October 1990 with Industrial and Investment Cooperation of India Limited (ICICI), who are managing the World Bank funds on behalf of Government of India, to receive a loan of Rs 95.4 million under the Technology Services Revolving Fund, repayable in 15 years with a moratorium of 4 years.

Projects under the World Bank were reviewed during the year from the perspective of the changing technological scenario and industrial trends and developments. BIS utilized Rs 2.7 million during 1993-94 under the projects on standardization management and standards development, upgrading BIS laboratory network, strengthening BIS promotional efforts, technical assistance to exporters and Standards Information Centres.

मानक निर्धारण

वर्ष के दौरान ब्यूरो ने 807 मानक निर्धारित किए, जिससे 31 मार्च 1994 तक लागू मानकों की संख्या 16542 हो गई।

महत्वपूर्ण मानक

कुछ महत्वपूर्ण विषय, जिन पर नये तथा पुनरीक्षित मानक बने, की सूची नीचे दी जा रही है :

रसायन

- रेलवे कोच पर बाहरी रंग–रोगन के लिए पॉलियूरिथेन के आधार वाले सरफेसर
- धुलाई के लिए साबुन पाउडर/टुकड़े
- ऊनी और रेशमी वस्त्रों की धुलाई के लिए संश्लिष्ट अपमार्जक
- पत्र–व्यवहार के लिए लिफाफे
- प्रत्यक्ष संचकित रबड़ के तल्ले से बने चमड़े के सुरक्षा जूते।

सिविल इंजीनियरी

- औद्योगिक भवनों की आग से सुरक्षा
- शहरी क्षेत्रों में अल्प आय के मकानों की अपेक्षाएँ

STANDARDS FORMULATION

During the year, the Bureau formulated 807 standards, bringing the total number of standards in force to 16 542 as on 31 March 1994.

IMPORTANT STANDARDS

Some of the important subjects on which new or revised Indian Standards were formulated are listed below:

Chemical

- Polyurethane base surfacer for exterior painting of railway coaches
- Laundry soap powders/flakes
- Synthetic detergents for washing woollen and silk fabrics
- Correspondence envelope
- Leather safety footwear having direct moulded rubber sole

Civil Engineering

- Fire safety of industrial buildings
- Low income housing requirements in urban areas

सारणी 1 1993-94 के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि
TABLE 1 STANDARDS FORMULATION ACTIVITY DURING 1993-94

क्षेत्र Field	विषय समितियाँ Sectional Committees	आयोजित बैठकें Meetings Held	निर्धारित मानक Standards Formulated	जारी किए गए संशोधन Amendments Issued
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
रसायन Chemical	31	27	72	47
सिविल इंजीनियरी Civil Engineering	45	23	78	20
इलैक्ट्रानिकी एवं दूरसंचार Electronics and Telecommunications	34	17	72	2
विद्युत तकनीकी Electrotechnical	40	24	72	44
खाद्य एवं कृषि Food and Agriculture	47	23	72	131
भारी यांत्रिक इंजीनियरी Heavy Mechanical Engineering	26	12	55	24
हल्की यांत्रिक इंजीनियरी Light Mechanical Engineering	26	14	46	19
प्रबन्ध एवं पद्धति Management and Systems	8	7	10	2
चिकित्सा उपस्कर एवं अस्पताल अगोजना Medical Equipment and Hospital Planning	18	12	40	9
धातुकर्म इंजीनियरी Metallurgical Engineering	33	26	67	27
पेट्रोरसायन Petrochemicals	18	14	56	23
उत्पादन इंजीनियरी Production Engineering	19	10	43	11
नदी घाटी परियोजना River Valley Projects	22	15	31	1
वस्त्रादि Textiles	29	17	48	5
परिवहन Transport Engineering	23	19	45	16
योग Total	**419**	**260**	**807**	**381**

- सामूहिक मकानों की आयोजना के लिए मार्गदर्शिका
- मिट्टी के भवनों की भूकम्प से प्रतिरोधिता में सुधार की लिए मार्गदर्शिका
- भवनों की मरम्मत और भूकम्प के प्रति सुदृढ़ता।

इलैक्ट्रानिकी और दूरसंचार

- श्रवणशक्ति के संरक्षण के उददेश्य से कार्य के दौरान ध्वनि के एक्सपोजर का मूल्यांकन
- प्रकाशीय फाइबर केबल
- रंगीन दूरदर्शन अभिग्राहकों (रिसीवरों) के लिए स्थैतिक वैद्युत फोकसन और विद्युत चुंबकीय विक्षेप के लिए सामान्य विशिष्ट

विद्युत तकनीकी

- विद्युत टोस्टर, ग्रिल, रोस्टर और ऐसे ही विद्युत के घरेलू उपकरणों की सुरक्षा
- प्रकाश–वोल्टीय युक्तियों के लिए रेफरेंस सौर सेल
- 800 किवो एसी तक की अभिहित वोल्टता में प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने के लिए चालकीय वस्त्र
- 1000 वो एसी और 1500 वो डी सी में प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने के लिए हस्तचालित उपकरण

खाद्य एवं कृषि

- निचोड़ा हुआ शहद
- ताड़ (खजूर) का गुड़
- इमली का चूर्ण
- खाने वाला तम्बाकू
- सिंचाई प्रणाली में छिड़काव के लिए पोलीइथाइलिन के पाइप
- सिमेजिन – तकनीकी और आर्द्र पाउडर

भारी यांत्रिक इंजीनियरी

- गहरे कुएं के हथबरमे के संघटक
- कृषि कार्यों के लिए अनुशंसित पम्प प्रणाली
- घुलनशील गैसों के लिए वेल्ड किए और सीवन रहित इस्पात के गैस सिलिंडर
- वाष्पन एयर कूलर (डेर्जट कूलर)

हल्की यांत्रिक इंजीनियरी

- सामान्य कार्यों के लिए रबड़ के पट्टे और कपड़ा लगे ऐलिवेटर
- वेल्डकृत इस्पात किस्म के क्रैंक जुडे कर्षण जंजीर वाले पहिए
- आधार काबले
- घरेलू सिलाई की मशीन के संघटक

- Guide of cluster planning for housing
- Guidelines for improving earthquake resistance of earthen buildings
- Repair and seismic strengthening of buildings

Electronics and Telecommunication

- Assessment of noise exposure during work for hearing conservation purpose
- Optical fibre cables
- Generic specification for colour picture tube with electrostatic focussing and electromagnetic deflection for colour television receivers

Electrotechnical

- Safety of electric toasters, grills, roasters and similar household electrical appliances
- Reference solar cells for photovoltaic devices
- Conductive clothing for live working at a nominal voltage up to 800 kV ac
- Hand tools for live working up to 1000 V ac and 1500 V dc

Food and Agriculture

- Extracted honey
- Palm jaggery
- Tamarind powder
- Chewing tobacco
- Polyethylene pipes for sprinkler irrigation systems
- Simazine - technical and wettable powder

Heavy Mechanical Engineering

- Deepwell hand pump components
- Recommended pumping system for agricultural purposes
- Welded and seamless steel gas cylinders for dissolved gases
- Evaporative air cooler (Desert cooler)

Light Mechanical Engineering

- General purpose rubber conveyor and elevator textile belting
- Welded steel type cranked link drag chain wheels
- Foundation bolts
- Household sewing machine components

आकृति-1 लागू मानक
Fig-1 Standards in force
(31 मार्च को) (As on 31 March)



प्रबन्ध और पद्धति

- प्रलेखन और सूचना–पारिभाषिक शब्दावली
- बहिरंग रोगी विभाग और आपात्कालीन सेवाओं के लिए गुणता प्रबन्ध प्रक्रिया – 30 बिस्तर वाले अस्पताल के लिए
- गुणता प्रबन्ध और गुणता आश्वासन मानक – निर्भरणीयता कार्यक्रम प्रबन्ध की मार्गदर्शिका
- गुणता प्रबन्ध और गुणता पद्धति के घटक – संसाधित सामग्री के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत
- गुणता प्रबन्ध और गुणता पद्धति के घटक – गुणता सुधार की मार्गदर्शिका

चिकित्सा उपस्कर एवं अस्पताल योजना

- मृदु और दृढ़ कंटेक्ट लैंस
- हृदवादिका अन्तर्रोपण – कृत्रिम हृद कपाट
- ओवुलेशन थर्मोमीटर
- चिकित्सा युक्तियों का जैविक मूल्यांकन – रक्त के साथ अन्योन्यक्रिया के लिए परीक्षणों का चयन

धातुकर्म इंजीनियरी

- धातुकर्म सामग्री की पूर्ति की सामान्य अपेक्षाएँ
- दूध के पाउडर के लिए गोल और ऊपर से खुले डिब्बे
- इस्पात और कच्चे लोहे के घटकों के अनुक्रम और इस्पात के यांत्रिक गुणधर्म
- इस्पात बनाने के लिए स्पंज लोहा/डीआरआई परिष्कृत ब्रिकेट

पेट्रोरसायन

- कोक के लिए विशेष परीक्षण पद्धति
- संश्लिष्ट अपमार्जक से बने शैम्पू
- खाद्य पदार्थों, औषधियों और पीने के पानी के समार्क में आने पर उनके सुरक्षित उपयोग के लिए इथाइलिन मेथऐक्रिलिक अम्ल (ईएमएए) सहबहुलक और टेरपोलीमर
- द्रवित पेट्रोलियम गैस उपकरणों और संस्थापनों में उपयोग के लिए अवायवीय जुड़ाई गसाला।

उत्पादन इंजीनियरी

- कार्बाइड टिप वाले एक नोंक वाले उपकरण
- घूमने वाली मेज के साथ यूनिवर्सल पेषण मशीन के लिए परीक्षण चार्ट
- इलैक्ट्रोनिक्स के लिए प्लास और निपर
- मोड़ने के उपकरण और फेरिंग उपकरण
- तरल पॉवर चालित संघटकों की प्रणाली के निर्माण की मार्गदर्शिका

नदी घाटी परियोजना

- नहर और बांध में खुले निकास अथवा कन्डयूट के डिजाइन
- नहर और बाँध में बन्द तथा खुले निकास अथवा कन्डयूट
- नदी घाटी परियोजना का निर्माण, प्रचालन और अनुरक्षण–आग से सुरक्षा संबंधी पहलू

Management and Systems

- Documentation and information - Vocabulary
- Quality management procedures for OPD and emergency services - Upto 30-bedded hospitals
- Quality management and quality assurance standards - Guide to dependability programme management
- Quality management and quality system elements - Guidelines for processed materials
- Quality management and quality system elements - Guidelines for quality improvement

Medical Equipment and Hospital Planning

- Soft and rigid contact lenses
- Cardiovascular implant - Cardiac valve prostheses
- Ovulation thermometers
- Biological evaluation of medical devices - Selection of tests for interactions with blood

Metallurgical Engineering

- General requirements for the supply of metallurgical materials
- Round open top cans for milk powder
- Reporting sequence of elements in steel and pig iron and mechanical properties in steel
- Sponge iron/DRI fines/briquettes for steel making

Petrochemicals

- Methods of special test for coke
- Synthetic detergent based shampoos
- Ethylene methacrylic acid (EMAA) copolymers and terpolymers for their safe use in contact with foodstuffs, Pharmaceuticals and drinking water
- Anaerobic jointing compound for use in liquefied petroleum gas appliances and installations

Production Engineering

- Carbide tipped single point tools
- Test chart for universal milling machine with swivelling table
- Pliers and nippers for electronics
- Turning and facing tools
- Guidelines for making systems for fluid power components

River Valley Projects

- Design of diversion channel and open cut or conduit in the body of dam
- Closure of diversion channel and open cut or conduit in the body of dam
- Construction, operation and maintenance of river valley projects - Fire safety aspects

- भूमिगत जल के नमूने लेना – मार्गदर्शी सिद्धांत

Sampling of groundwater - Guidelines

वस्त्रादि

- फोटोग्राफीय मानकों का उपयोग करते हुए सूती धागों के दिखने के लिए कोटि निर्धारण
- कालीन इत्यादि – टफ्टेड कालीन
- वस्त्रादि – हाथ से बुने ऊनी धागे, वर्स्टेड

Textiles

- Grading for appearance of cotton yarn using photographic standards
- Textile floor covering - Tufted carpets
- Textiles - Hand-knitting wool yarn, worsted

परिवहन इंजीनियरी

- मोटरगाड़ी की ब्रेक लाइनिंग की श्रृंखला
- स्वचालित वाहनों के लिए वाइपर प्रणाली – वाइपर आर्म
- मोटरगाड़ियों के लिए प्रतिवर्ती परावर्तक
- मोटरगाडियों के इंजनों के क्रैंककेस उत्सर्जन का मापन
- देशी पोत – रबड़ के फेन्डर

Transport Engineering

- Series on automotive brake linings
- Wiper systems for automotive vehicles - Wiper arms
- Reflex reflectors for automotives
- Measurement of crankcase emission of automotive engines
- Inland vessels - Rubber fenders

मानकों की पुनरीक्षा और उन्हें अद्यतन बनाना।

मानकों का पुनरीक्षण, जब आवश्यकता हो, परन्तु 5 वर्ष में एक बार अवश्य किया जाता है। इस वर्ष लागू मानकों के 381 संशोधन प्रकाशित किए गए।

REVIEW AND UPDATING OF STANDARDS

Standards are reviewed as considered necessary, but at least once in five years. During the year, 381 amendments were issued to the existing standards.

जलपूर्ति प्रौद्योगिकी मिशन

ब्यूरो ने जलपूर्ति के लिए गुणता आश्वासन मिशन (क्वासम) परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों में पेय जल पर प्रौद्योगिकी मिशन के मानकीकरण और गुणता आश्वासन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से सहायता देना जारी रखा। मिशन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मानक और मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित करने के कार्य में तेजी लाने के अतिरिक्त भामा ब्यूरो ने मिशन के कार्यान्वयन में उपयोग में आने वाले उत्पादों की गुणता के आश्वासन में भी सहायता की।

"पाइप्स एंड पाइप फिटिंग" पर हैंडबुक प्रकाशित की गई। "ट्यूबवेल्स/बोरवेल" पर मार्गदर्शी सिद्धांतों और "पम्पस" पर हैंडबुक को अन्तिम रूप दिए जाने पर कार्य हो रहा है। जल पूर्ति मिशन से सम्बद्ध मानकों और प्रमाणन गतिविधि पर एक राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम 3–4 फरवरी 1994 को इटानगर अरूणाचल प्रदेश, में आयोजित किया गया।

TECHNOLOGY MISSION ON WATER SUPPLY

The Bureau continued to provide active standardization and Quality Assurance support to the Technology Mission on Drinking Water in villages under Quality Assurance for Water Supply Mission (QAWSM) Project. Besides accelerating the preparation of standards and guidelines in important areas relevant to the Mission, BIS also assisted in quality assurance for the products used in the implementation of the Mission.

The Handbook on Pipes and Pipe-fittings was printed. Guidelines on tubewells/borewells and Handbook on Pumps were processed for finalization. One State-Level Awareness Programme on Standards and Certification Activity of BIS relating to Water Mission was held on 3-4 February 1994 at Itanagar, Arunachal Pradesh.

विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजना

वर्ष के दौरान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय समिति की सिफारिशों के आधार पर दो परियोजनाएँ, अर्थात् "भवन एवं सिविल निर्माण संहिता कार्यान्वयन के लिए विकास कार्यक्रम" (एनसीएसटी परियोजना बी–7) और, "औद्योगिक संरचनाओं का टाइपीफिकेशन" (एनसीएसटी परियोजना बी–8) जारी रही।

SCIENCE AND TECHNOLOGY PROJECTS

Two projects, namely, Development Programme for Code Implementation for Building and Civil Construction (NCST Project B-7) and Typification of Industrial Structures (NCST Project B-8) were continued during the year on the recommendation of the National Committee for Science and Technology.

उत्पाद प्रमाणन एवं गुणता पद्धति प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना में उल्लेखनीय प्रगति हुई। प्रमाणन शुल्क से प्राप्त आय में पिछले वर्ष की तुलना में 35.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इससे यह आय बढ़कर रू0 29.70 करोड़ हो गई। इस वर्ष जारी किए गए नए लाइसेंसों की संख्या 1394 है। अट्ठाइस उत्पाद प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत पहली बार शामिल किए गए। इनमें से कुछ उत्पादों में ठोस बायोमास चूल्हा, शिशु ऊष्मायित्र, टॉफी, सामान्य कार्यों के लिए पॉलीइथाइलिन के थैले, विकलांगों के लिए केलिपर्स, वानिकी उपकरण और चलने के लिए छड़ी शामिल हैं।



PRODUCT CERTIFICATION AND QUALITY SYSTEMS CERTIFICATION

PRODUCT CERTIFICATION

The BIS Certification Marks Scheme made considerable progress and the certification income increased by 35.7 percent as compared to the preceding year and touched the figure of Rs 297.01 million. 1 394 new licences were granted during the year and twenty eight products came under the BIS Certification Marking Scheme for the first time. Some of these products include solid bio-mass *chulha*, baby incubators, toffees, polyethylene bags for general use, orthopaedic calipers, forestry tools, and walking sticks.

प्रमाणन के अन्तर्गत भारतीय मानक

जिन भारतीय मानकों के आधार पर उत्पादों का प्रमाणन किया गया है उनकी संख्या 31 मार्च 1994 तक बढ़कर 1437 हो गई। इनमें से 295 मानक आम उपभोक्ता के दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे एलपीजी सिलिंडर/ स्टोव, प्रेशर कुकर, जीएलएस लैम्प, शुष्क सेल बैटरियों, सीमेंट, स्विच, बिजली के घरेलू उपकरण, सूती बनियानों, वनस्पति, बिस्कुट, दूध उत्पाद, खाद्य रंग एवं संयोजी रोगाणुनाशी तरल, निरापद दियासलाई और मच्छरदानियों पर हैं। प्रमाणित की जाने वाली वस्तुओं का अनुमानित मूल्य लगभग रू. 8 500 करोड़ रू. के आसपास है। 31 मार्च 1994 को लागू लाइसेंसों की कुल संख्या 11 705 थी।

Indian Standards Under Certification

The growth of Indian Standards against which products have been certified has gradually risen to a level of 1 437 as on 31 March 1994. Of these, 295 standards relate to items of day-to-day use by common consumers, such as LPG cylinders/stoves, pressure cookers, GLS lamps, dry cell batteries, cement, switches, domestic electrical appliances, cotton vests, *vanaspati*, biscuits, milk products, food colours and additives, disinfectant fluid, safety matches and mosquito nets. The value of the goods certified annually is estimated to be of the order of Rs 85 000 million. The total number of operative licenses as on 31 March 1994 stood at 11 705.

चालू लाइसेंसों/भारतीय मानक ब्यूरो के लाइसेंसों के लिए आवेदकों का मूल्यांकन

वर्ष के दौरान आवेदकों की यूनिटों का, सम्बद्ध भारतीय मानकों के अनुरूप वस्तुओं

Assessment of Operative Licences/Applicants for BIS Licences

During the year, 2 291 preliminary inspections were carried out to

आकृति-2 भामा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन (आई एस आई मुहर) दिये गये लाइसेंस

Fig-2 BIS Product Certification (ISI Mark) Licences Granted



आकृति-3 उत्पाद प्रमाणन के अन्तर्गत प्रमाणित भारतीय मानक

Fig-3 Number of Indian Standards Under Product Certification

(31 मार्च को) (As on 31 March)



के उत्पादन करने हेतु उनके पास उपलब्ध भौतिक सुविधाओं और गुणता नियंत्रण पद्धति के मूल्यांकन के लिए 2 291 प्रारंभिक निरीक्षण किए गए। प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन को मॉनीटर करने के लिए 28 726 आवधिक निरीक्षण किए गए, और 12 999 विविध प्रकार के निरीक्षण भी किए गए जिसमें नई किस्मों को शामिल करने, मुहरांकन को पुनः आरंभ करने पर विचार करने, राशि निरीक्षण और अन्य विदेशी प्रमाणन निकायों जैसे केनेडियन स्टैण्डर्डाइजेशन एसोशियेशन (सीएसए) और अन्डरराइटर्स लेबोरेटरीज (यूएल) की ओर से किए गए निरीक्षण भी शामिल थे।

फैक्टरी के नियमित परीक्षण और लाइसेंसधारियों के परिसर से नमूने लेने के अतिरिक्त प्रमाणन मुहर योजना के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए ISI मुहर लगी वस्तुओं के 7 663 बाजार नमूने भी खरीदे गए।

assess the applicant units for their infrastructure and quality control systems to produce goods conforming to relevant Indian Standards; 28 726 periodic inspections were carried out for monitoring the operation of the Certification Marks Scheme; and 12 999 miscellaneous types of inspections were also conducted which covered inspection for inclusion of new varieties, considering resumption of marking, lot inspections and those on behalf of other overseas certification bodies like Canadian Standardization Association (CSA) and Underwriters Laboratories (UL).

Apart from regular factory testing and drawal of samples from the premises of licencees, 7 663 market samples of ISI marked goods were also procured to ensure adequacy of the Certification Marks Scheme.

सारणी 2 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों का क्षेत्रवार वितरण
(31 मार्च 1994 को)
TABLE 2 REGION-WISE DISTRIBUTION OF CERTIFICATION MARKS LICENCES
(AS ON 31 MARCH 1994)

क्रम सं. Sl No.	क्षेत्र Region	शाखा कार्यालय Branch Office	चालू लाइसेंस Licence in Operation
1	मध्य Central	क a) दिल्ली Delhi	1191
		ख b) भोपाल Bhopal	613
		ग c) गाजियाबाद Ghaziabad	446
		घ d) जयपुर Jaipur	488
		योग TOTAL	**2 738**
2	पूर्वी Eastern	क a) कलकत्ता Calcutta (गुवाहाटी सहित) (including Guwahati)	1 312
		ख b) भुवनेश्वर Bhubaneshwar	185
		ग c) पटना Patna	395
		योग TOTAL	**1 892**
3	उत्तरी Northern	क a) चंडीगढ़ Chandigarh	1 377
		ख b) फरीदाबाद Faridabad	322
		ग c) कानपुर Kanpur	254
		घ d) लखनऊ Lucknow	247
		योग TOTAL	**2 200**
4	दक्षिणी Southern	क a) मद्रास Madras	616
		ख b) बंगलौर Bangalore	453
		ग c) कोयम्बत्तूर Coimbatore	445
		घ d) हैदराबाद Hyderabad	574
		ण e) तिरवनंतपुरम Thiruvananthapuram	163
		योग TOTAL	**2 251**
5	पश्चिमी Western	क a) बम्बई Bombay	1 635
		ख b) अहमदाबाद Ahmadabad	989
		योग TOTAL	**2 624**
		कुल योग GRAND TOTAL	**11 705**

गतावधि/रद्द लाइसेंस

वर्ष के दौरान विभिन्न कारणों, जैसे लाइसेंसधारियों की असंतोषजनक कार्यकारिता, लाइसेंसधारी की फैक्टरी का बन्द होना और लाइसेंस में शामिल उत्पाद का निर्माण करने में लाइसेंसधारी की रूचि का न होना, से 1415 लाइसेंस गतावधि हो गए अथवा रद्द किए गए।

प्रचालन की समीक्षा

वर्ष के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों में लाइसेंसधारियों के साथ 25 समीक्षा बैठकें आयोजित की गई, जिनमें पुनर्वेल्लन मिलें/लघु इस्पात संयंत्र, पूर्व ढलवां आरसीसी पाइप, एलपीजी सिलिंडर, डीजल इंजन, मृदु इस्पात नालियाँ, सीमेंट, स्विच गियर और फ्यूज, डेयरी उत्पाद, वनस्पति, कीटनाशी और जीएलएस लैम्प भी शामिल हैं।

इन बैठकों से भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन, मानकों के कार्यान्वयन में आने वाली तकनीकी कठिनाइयों, किसी उत्पाद के लिए उपयोगकर्ता द्वारा मानदण्डों को दी जाने वाली वरीयता के बारे में फीडबैक मिली। ये आंकड़े मानकों और प्रमाणन प्रक्रियाओं के पुनरीक्षण में भी सहायक हैं।

प्रवर्तन

फरवरी 1993 में एक पृथक् विभाग की स्थापना आईएसआई मुहर के दुरूपयोग पर प्रभावी रूप से नियंत्रण लगाने के लिए की गई, ताकि आम उपभोक्ता को घटिया और असुरक्षित वस्तुओं का उपयोग करने से बचाया जा सके। इसका दूसरा उद्देश्य विशिष्ट मदों, जैसे सीमेंट, मृदु इस्पात की नलियां, सामान्य सेवा के लिए टगस्टन फिलामेंट वाले विद्युत लैम्प, बिजली के घरेलू उपकरण, खाद्य रंग, संयोजी और वनस्पति के अनिवार्य प्रमाणन के लिए विभिन्न केन्द्रीय अधिनियमों के अंतर्गत जारी किए गए विविध गुणता नियंत्रण आदेशों के प्रवर्तन का समन्वय करना भी था।

देश भर में जांच–पड़ताल और प्रवर्तन की कार्यवाही जारी रखी गई और देश में फैली विभिन्न यूनिटों पर आठ छापे मारे गए। इसके अतिरिक्त, भा मा ब्यूरो अधिनियम और विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन करने से सम्बधित लगभग 100 शिकायतें प्राप्त हुई। मामलों की जांच–पड़ताल और जिन मामलों में नियमों का उल्लंघन साबित हो चुका है, उनमें मुकदमा दायर करने संबंधी उपयुक्त कार्यवाही की जा रही है।

मार्च 1994 के पहले सप्ताह में आयोजित उपभोक्ता शिक्षा अभियान में 25 शहरों के पचहतर बाजारों को शामिल किया गया। इन दौरों में उपभोक्ताओं के साथ–साथ व्यापारियो को भी ISI मुहर के समुचित उपयोग और मुहर के दुरूपयोग की स्थिति में भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम के अन्तर्गत दण्डात्मक प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।

गुणता पद्धति प्रमाणन

वर्ष के दौरान गुणता पद्धति प्रमाणन योजना में अत्यधिक प्रगति हुई और 31 मार्च 1994 तक 44 लाइसेंस प्रदान किए गए। इनमें 40 लाइसेंस IS 14002/ ISO 9002 के अनुसार और चार लाइसेंस IS 14001/ ISO 9001 के अनुसार विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र जैसे इलेक्ट्रॉनिक, विद्युत, मोटरगाड़ी के संघटक, सीमेंट, वैमानिकी, प्लास्टिक, यांत्रिक, धातुकर्म, वस्त्रादि, कृषि–रसायन, रसायन और विस्फोटक के लिए दिए गए।

विशिष्ट गुणता पद्धतियों के निरन्तर पालन को सुनिश्चित करने के लिए, लाइसेंस प्रदान करने के बाद वर्ष में कम से कम दो बार लाइसेंसधारक के यूनिट की निगरानी सम्परीक्षा की जाती है।

योजना की पारस्परिक मान्यता

वर्ष के दौरान ब्रिटिश स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूट, यूनाइटेड किंगडम के साथ समझौता करार पर अनुवर्ती कार्यवाही की गयी। डीक्यूएस जर्मनी के साथ समझौता ज्ञापन को अन्तिम

Expired/Cancelled Licences

During the year, 1 415 licences expired or were cancelled for various reasons, such as, unsatisfactory performance of the licensees, closure of the licensee's factory, and discontinuation of manufacture of a product covered by the licence.

Review of Operation

During the year, 25 review meetings with licensees were organized in different areas, some of which included re-rolling mills/mini steel plants, pre-cast RCC pipes, LPG cylinders, diesel engines, M.S. tubes, cement, switchgear and fuses, dairy products, *vanaspati*, pesticides and GLS lamps.

These meetings provided feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, technical difficulties encountered in the implementation of standards, users' preferences for quality parameters in a product, etc. This data is helpful in reviewing the standards and certification procedures.

ENFORCEMENT

A separate Department was set up in February 1993 to effectively check the misuse of ISI Mark in order to protect common consumers from being cheated through sub-standard and unsafe goods. Another objective was to coordinate enforcement of various Quality Control Orders issued under different Central Acts for mandatory certification of specified items, such as cement, mild steel tubes, tungsten filament general service electric lamps, domestic electrical appliances, food colours, additives and *vanaspati*.

The investigations and enforcement actions all over the country were continued and eight raids were conducted on different units spread in the country. In addition, around 100 complaints were received pertaining to violation of the BIS Act and various Quality Control Orders. Appropriate action including investigation and further prosecution of the established offenders are in progress.

Seventy five markets in 25 cities were covered during the consumer education drive held in the first week of March 1994. During these visits, consumers as well as traders were made aware of the proper use of the ISI Mark and the punitive provision of the *Bureau of Indian Standards Act* in case of misuse of the Mark.

QUALITY SYSTEMS CERTIFICATION

Quality Systems Certification Scheme made tremendous progress during the year and as on 31 March 1994, 44 licences were granted. Of these 40 were in accordance with IS 14 002/ISO 9 002 and four as per IS 14 001/ISO 9 001, covering various industrial sectors, such as electronics, electrical, automobile components, cement, aeronautics, plastics, mechanical/metallurgy, textiles, agro-chemicals, chemicals and explosives.

In order to ensure continued adherance to the specified Quality Systems, surveillance audit at the licensee's units is carried out at least twice a year, after grant of the licence

Mutual Recognition of Scheme

During the year the Memorandum of Understanding (MOU) with British Standards Institution, UK was followed-up. MOU with DQS

रूप दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस संबंध में अन्य विदेशी प्रचालन निकायों के साथ विचार–विमर्श/परामर्श भी आरंभ किया गया।

भा मा ब्यूरो गुणता पद्धति प्रमाणन योजना का प्रत्यायन

भा मा ब्यूरो ने पहले ही डच एक्रिडिटेशन कांउसिल, आरवीसी, नीदरलैंड के पास भामा ब्यूरो गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के प्रत्यायन के लिए आवेदन भेज दिया है।

गुणता पद्धति प्रमाणन योजना समिति (क्यूएससीएस) की बैठक

गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के प्रचालन से संबद्ध नीतिगत मामलों का निर्धारण करने, अपनी नीतियों के प्रचालन और कार्यान्वयन की समीक्षा करने और वित्तीय मामलों की समीक्षा करने के लिए उत्तरदायी भामा ब्यूरो गुणता पद्धति प्रमाणन योजना (क्यूएससीएस) समिति ने महानिदेशक, भामा ब्यूरो की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक का आयोजन दिनांक 7 फरवरी 1994 को किया।

पूर्व प्रमाणन सेवाएं

वर्ष के दौरान 55 परिचय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उद्योग, सेवा संगठन और औद्योगिक संघों तथा निर्यात गृहों के 1 000 से अधिक कार्मिक शामिल हुए।

14 संगठनों में गुणता पद्धति सर्वेक्षण और 15 संगठनों में गुंणता प्रबंध पद्धति के प्रायोगिक मूल्यांकन किए गए। ये संगठन IS 14000/ISO 9000 मानकों की श्रृंखला के अनुसार गुणता प्रबन्ध पद्धति का कार्यान्वयन करने की प्रक्रिया में हैं।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम

प्राप्त अनुभवों को आपस में बांटने और अद्यतन विकासों की जानकारी सम्परीक्षकों को देने के लिए तथा गुणता सम्परीक्षा पद्धति में सामंजस्य लाने के लिए नई दिल्ली और बंगलौर में अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किए गए। फरवरी 1994 के पहले सप्ताह में आईएसओ/टीसी 176 गुणता प्रबन्ध और गुणता आश्वासन के अध्यक्ष श्री आर.एन. शौघनेसी के साथ एक कार्यशाला भी आयोजित की गयी जिसमें उन्होंने सम्परीक्षकों के एक समूह को सम्बोधित किया।

आकृति-4 गुणता पद्धति प्रमाणन के अन्तर्गत दिये गये लाइसेंस

Fig-4 Number of Licences Granted Under Quality Systems Certification



Germany is at an advanced stage of finalization. Besides, discussions/consultation with other overseas certification bodies were also initiated.

Accreditation of BIS Quality Systems Certification Scheme

BIS has already made an application to Dutch Accreditation Council RVC, Netherlands for accreditation of BIS Quality Systems Certification Scheme.

Quality Systems Certification Scheme Committee (QSCS) Meeting

BIS Quality Systems Certification Scheme (QSCS) Committee, which is responsible for formulation of policy matters relating to the operation of Quality Systems Certification Scheme, reviewing the operation and implementing its policies, and reviewing the financial affairs, held its first meeting under the chairmanship of Director General, BIS on 7 February 1994.

Pre-Certification Services

During the year over 55 Appreciation Programmes were conducted covering more than 1 000 personnel from the industry, service organizations, industry associations and export houses.

